**खबर संक्षेप**

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में निकल गई स्कूटी रैली



**शहडोल।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सर्व समाज की महिलाओं बहनों द्वारा शहडोल नगर के महात्मा गांधी स्टेडियम से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, स्कूटी रैली में महिलाओं, बहनों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया । इस दौरान सभी महिलाओं-बहनों ने एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा लगाते हुए महात्मा गांधी स्टेडियम से रैली प्रारंभ हुई, यह रैली शहडोल नगर के पुराना नगर पालिका, न्यू गांधी चौक, होते हुए बुढार चौक, बगिया बायपास ,लल्लू सिंह चौक, गणेश मंदिर ,गुरु नानक चौक होते हुए जिला महिला समिति में रैली का समापन एक राष्ट्र एक चुनाव के उद्घोष के साथ स्कूटी रैली का समापन किया गया, समापन कार्यक्रम के अवसर पर जिला महिला समिति हॉल में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा द्वारा सभी महिलाओं-बहनों को एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर राष्ट्रपति के नाम प्रस्ताव में हस्ताक्षर कर सभी ने अपनी सहमति दी।

### गर्मी शुरूः ठप्प होने लगी ताप विद्युत केन्द्र की यूनिट

**उमरिया।** गर्मी आते ही संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में यूनिट ठप्प होने का सिलसिला चालू हो गया है। 210 मेगावॉट क्षमता की दो यूनिट बंद हो गई हैं, जिससे आगामी दिनों में बिजली संकट गहरा सकता है। बताया जा रहा है कि इन यूनिटों को मेंटेनेंस के लिए बंद किया गया है, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद बार-बार तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत आता है और राज्य की प्रमुख बिजली उत्पादन इकाइयों में से एक है। यह संयंत्र प्रदेश की विद्युत आपूर्ति में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन मेंटेनेंस के बावजूद बार-बार यूनिटों के बंद होने से सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय कर्मचारियों और बिजली विभाग के सूत्रों का कहना है कि यदि इन यूनिटों को जल्द शुरू नहीं किया गया, तो गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की समस्या बढ़ सकती है। पहले से ही बिजली की मांग बढ़ रही है और ऐसे में उत्पादन में कमी प्रदेशभर में संकट खड़ा कर सकती है। राज्य में गर्मी का प्रकोप बढने के साथ ही बिजली की मांग में भी इजाफा हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के कई जिलों में पहले से ही अघोषित बिजली कटौती हो रही है, जिससे उद्योग, कृषि और घरेलू उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। यदि जल्द ही बंद पड़ी यूनिटों को शुरू नहीं किया गया, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली उत्पादन केंद्रों के मेंटेनेंस कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधारने की जरूरत है, ताकि बार-बार तकनीकी खामियां न आएं। इसके साथ ही अधिकारियों को जवाबदेही तय करनी होगी, जिससे राज्य के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### नाबालिग बालिकाओं को किया गया दस्तयाब

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा गुम बालक-बालिकाओं के प्रकरण में एसओपी के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करने के लिए निरंतर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है । पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्देश के पालन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली के मार्गदर्शन में उमरिया पुलिस टीम थाना नौरोजाबाद द्वारा विगत 24 घंटे में थाने में वर्ष 2025 में दर्ज हुये 02 प्रकरणो में गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को जिला रायसेन एवं खंडवा से सुरखित ढूंढकर वापिस लाने में सफलता हाथ लगी है ।

20 फरवरी को फरियादी निवासी ग्राम उजान के द्वारा थाना नौरोजाबाद में अपनी 16 वर्षीय बच्ची के घर से करकेली बाजार जाने एवं लौटकर वापिस न आने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर थाना नौरोजाबाद में धारा 137(2) एसओपी कायम कर विवेचना में लिया गया । 21 मार्च को फरियादी निवासी सस्तरा द्वारा अपनी 17 वर्षीय बच्ची के परीक्षा में फेल हो जाने पर दुखी रहती थी, 20 मार्च को घर से कुछ काम का कहकर निकली पर वापिस नही लौटी रिपोर्ट पर थाना नौरोजाबाद में धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिकाओं की पता तलाश के लिए प्रयास शुरू किये गये, पूछताछ एवं भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन के आधार पर गुमशुदा बालिका के जिला रायसेन एवं 87/25 की गुमशुदा बालिका के जिला खंडवा में होने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया, जिस पर पुलिस टीम को संबंधित स्थानो पर काफी प्रयासो के पश्चात बालिकाओं को सकुशल ढूंढने में सफलता हाथ लगी । इस प्रकार उमरिया पुलिस के प्रयासो से गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है, संदेही को भी अभिरक्षा में लिया गया है, जिसकी भूमिका ज्ञात किये जाने के लिए कार्यवाही जारी है ।

## प्रशासन की नाक तले चल रही अवैध प्लाटिंग, चुप्पी साधे बैठे अफसर

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सघन अभियान जरूरी, खुर्द-बुर्द हो रही जमीन



**शहडोल।** संभाग मुख्यालय के आसपास स्थित ग्रामीण अंचलों में भू माफिया सक्रिय हैं और जमकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। लेकिन इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं जिससे माफिया के हौसले बुलंद हैं, राजस्व अमला भी माफियाओं के हित में काम करता नजर आ रहा है। समीपी ग्राम विचारपुर, कोटमा, कल्याणपुर, गोरतरा आदि स्थानो में जमकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। समीपी ग्राम विचारपुर इस मामले में इन दिनो सर्वाधिक सुर्खियां बटोर रहा है। जानकारी मिली है कि यहां आदिवासियों के नाम पर भूखण्ड खरीदे जा रहे हैं और आदिवासी ग्राहकों को ही बेचे जा रहे हैं। मौके पर अगर पट्टों व भूमि स्वामियों की जांच की जाए तो सारी असलियत खुल कर सामने आ जाएगी। लेकिन राजस्व अमला प्रशासन को समय रहते जानकारी नहीं देता है इसलिए प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। यहां मामला केवल विचारपुर भर का नहीं है, समीपी सारे देहाती क्षेत्रों का यही हाल है। राजस्व अमले की करतूतों को आखिर बड़े अधिकारी कब तक अनदेखी करते रहेंगे।

### जमीनों के हो रहे टुकड़े

विचारपुर में एक अर्से से जमीनों की खरीदफरोख्त और उसकी विक्री तथा उसमें प्लाटिंग किए जाने का काम चल रहा है। यह सारा खेल आरआई, पटवारी की शह पर चल रहा है। यहां के खसरा क्रमांक 364, 389 की भूमियों के कई बटांक हुए हैं। इसके बाद इन भूखण्डों पर अवैध प्लाटिंग और फिर गैर लायसेंसी कालोनियों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस क्षेत्र का दौरा तो उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित कलेक्टर व कमिश नर जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी कर चुके हैं। लेकिन उन्होने भी न तो गंभीरता से अवैध प्लाटिंग की ओर ध्यान दिया और न ही उसकी रोकथाम के लिए कोई दिशा निर्देश जारी किए। लिहाजा यहां भू खण्डों का खेल बदस्तूर जारी है, आए दिन यहां नए के्रता-विक्रेता व दलाल देखने को मिलते हैं। हैरानी की बात यह है कि बड़े अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी नकेल कसने को तैयार नहीं है।

### बड़े अधिकारी क्यों नहीं देखते रिकार्ड

यह बात तो पूरे जिले की जानकारी में है कि पूरे ग्रामीण अंचलों में माफियां ने अपना जाल फैला रखा है जिसके पोषक राजस्व विभाग के लोग ही हैं। बड़े अधिकारी किसी भी गांव के राजस्व रिकार्ड उठा कर देख सकते हैं और मिलान करा सकते हैं। जितनी जमीन रिकार्ड में दर्ज है उतनी जमीन मौके पर अब मौजूद नहीं है, वह किसी न किसी के कब्जे में है और लोग अनाधिकृत रूप से उनके भू स्वामी बने बैठे हैं। प्रशासन एक एक करके ग्रामीण अंचलों की पैमाइश करा कर यह ज्ञात कर सकता है कि रिकार्ड में कितना दर्ज है और वर्तमान में कितना शेष है। कहां कहा नाजायज कब्जा हो चुका है। प्रशासन अपनी जमीनों से बेदखली आदेश कर जमीनों को पुनः अपने रिकार्ड में ले सकता है। लेकिन बड़े अधिकारियों की भी मंशा समझ के परे है, उन्होने भी गहरी चुप्पी साध रखी है।

### राजस्व अमले की संदिग्ध भूमिका

राजस्व अमले की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही है। आर आई, पटवारी तो माफियाओं के लिए ऐसे काम करते हैं जैसे वे उसके स्टाफ के कर्मचारी हों। इनके द्वारा शासन को भूमि बिकने और अवैध प्लाटिंग की खबर प्रशासन को देने की बजाय भू माफिया का कार्य पूर्ण कराया जाता है। इनके द्वारा माफिया को यह सलाह दी जाती है कि कौन सी सरकारी जमीन कहां पर स्थित है और उसे कैसे हड़पा जा सकता है। माफिया भूमि हड़पने की तैयारी कर लेता है और भूमि हड़प कर किसी हथकण्डे को अपना कर पट्टा बनवा लिया जाता है। कहीं कहीं तो पटवारी रिकार्ड में हेर फेर कर गुमराह करने का प्रयास करता है। माफियाओं का सडक़ के किनारे की जमीने दे देता है और उस जमीन रकबा कहीं और दर्शा देता है। उसका कहना होता है कि जिस खसरे की जमीन बिकी है वह तो कहीं और है। वह लोगों को अंत तक गुमराह करता रहता है। लोग अपनी ही जमीन इधर उधर ढूंढ़ते फिरते हैं।



## आम जन जल गंगा संवर्धन अभियान में निभाएं बढ़-चढक़र सहभागिताः विधायक

**जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व लोगों ने जल संरक्षण के लिए किया श्रमदान**

शहडोल। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो चुका है। इस अभियान के तहत सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ऐंताझर के सागरी तालाब में साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। तालाब गहरीकरण के कार्य में विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह एवं समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा ने श्रमदान किया एवं अपनी सहभागिता निभाई तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया। इस दौरान विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में लोग बढ़-चढक़र सहभागिता निभाएं जिससे भविष्य के लिए जल सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, प्रिया सिंह बघेल, ग्राम पंचायत ऐंताझर के सरपंच मैकू बैगा, समाजसेवी सुशील शर्मा सहित काफी संख्या में लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया।

## उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं विक्रम संवत का नववर्षः विधायक

### मानस भवन में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन





**शहडोल।** विक्रम संवत 2082 के आरंभ एवं सृष्टि आरंभ दिवस पर संभागीय मुख्यालय के मानस भवन में विक्रमोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज के दिन से विक्रम संवत के अनुसार वर्ष 2082 प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत के अनुसार भारत के नव वर्ष के *रूप में भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि हम सबको विक्रम संवत के अनुसार नव वर्ष को बड़े उत्साह से एवं हर्षोल्लास से मनाना चाहिए एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करना चाहिए।*

*विधायक ने कहा की आज के दिन से चैत्र नवरात्र की भी शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्र का त्यौहार हमारे देश में बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है एवं चैत्र नवरात्र के समय मंदिरों में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जाती है। चैत्र नवरात्र में भक्त देवी मां की आराधना करते हैं एवं जवारे भी बोए जाते हैं।*

*कार्यक्रम के दौरान नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित नाटक का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा ब्रह्मध्वज का पूजन भी किया गया।*

*कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने किया।*

## ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन का 11वां सम्मेलन संपन्न





**शहडोल।** ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन का 11वां सम्मेलन तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में 28, 29 और 30 मार्च 2025 को सीएमपीडीआई, रांची में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देशभर से कोयला श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से कामरेड जी.के. श्रीवास्तव को फेडरेशन का अध्यक्ष तथा कामरेड डी.डी. रामानंदन को महासचिव चुना गया। इसके अलावा, एसईसीएल से कामरेड वी.एम. मनोहर को उप महासचिव, कामरेड अमृतलाल विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, कामरेड देवेंद्र निराला को उपाध्यक्ष, कामरेड अजय शर्मा को सचिव तथा कामरेड इंद्रदेव चौहान को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सोहागपुर क्षेत्र से फेडरेशन की वर्किंग कमेटी में कामरेड अरुण गौतम और कामरेड विनोद कुमार राय को शामिल किया गया। इस सम्मेलन में एसईसीएल से कुल पांच पदाधिकारियों एवं 14 कार्य समिति सदस्यों को स्थान दिया गया। इस अवसर पर श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कोयला कर्मियों के अधिकारों एवं सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शहडोल।** जल गंगा संवर्धन योजना को लेकर जयसिंहनगर जनपद के कतिरा पंचायत के सिद्ध बाबा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शासन के दिशानिर्देशानुसार 30 मार्च चैत्र नवरात्र सें लेकर 30 जून आषाढ़ सुदी 2025 तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए मध्यप्रदेश सरकार की यह अनोखी पहल है। इसके माध्यम से आस-पास के जल स्त्रोतो के साथ एकत्रित जल को सुरक्षित व साफ करने में हर व्यक्ति अपना सहयोग प्रदान करें, क्योकि जल ही जीवन है और मानव के साथ-साथ जीव जन्तुओ के लिए भी अनिवार्य है। पानी की समस्या लोगो के लिए दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। इसीलिए जल संरक्षण करना हर व्यक्ति के लिए प्राथमिक होना चाहिए। उमा भारती की सरकार ने इसे पंचजा के नाम से सुशोभित किया था। इस तारतम्य में सर्वप्रथम महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत की कडी जोड़ी गई।

### ये रहें उपस्थित

सांसद प्रतिनिधि रावेंद्र शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मालती सिंह, भाजपा नेता अरुण गौतम, रामनारायण पाण्डेय, यमुना प्रसाद मिश्रा,राजेश द्विवेदी, अनिल मिश्रा, उमेश गुप्ता, कमला प्रसाद मिश्रा, ग्राम पंचायत कतिरा सरपंच कलावती कोल, उपसरपंच ज्योती शर्मा,एपीओ जनपद पंचायत जयसिंहनगर मनोज मिश्रा, उपयंत्री संदीप नेहरा, सचिव संतोष नामदेव, रोजगार सहायक सुमन वेद प्रकाश द्विवेदी,रोहणी कोल के साथ पत्रकार बंधुओ में राकेश गुप्ता, वेदप्रकाश द्विवेदी, रवि तिवारी के साथ आमजनमानस उपस्थित रहें।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता अपने परिवार के साथ थाने पहुंची, लेकिन लाइट न होने और महिला उपनिरीक्षक के न होने की वजह से पीड़िता को 8 घंटे का इंतजार करना पड़ा। महिला उपनिरीक्षक शहडोल से वहां पहुंची और लाइट आने के बाद पीड़िता की रिपोर्ट शनिवार की शाम तकरीबन 07 बजे सीधी थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने मामले पर दो आरोपियों के विरुद्ध पीड़िता की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। शिकायत में बताया गया कि घटना पीड़िता के साथ उस समय घटी जब वह अपने खेत में बने मकान में एक 4 वर्षीय भाई के साथ सो रही थी। माता-पिता दूसरे गांव में एक सामाजिक कार्यक्रम में गए हुए थे। शुक्रवार की रात तकरीबन 9 बजे दो आरोपी पीड़िता के दरवाजे को खटखटाते हुए उसे खुलवाया, तब पीड़िता को लगा कि उसके माता-पिता कार्यक्रम से लौट आए हैं। पीड़िता ने खेत में बने मकान का दरवाजा खोल दिया। तभी दोनों आरोपी अंदर घुस आए और 4 वर्षीय भाई के सामने ही पीड़िता के साथ हैवानियत करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों आरोपी उसी गांव के रहने वाले हैं और पीड़िता दोनों को पहचानती है।

### इनका कहना है...

जब पीड़िता के साथ खेत में बने उसके घर में दोनों आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, तब पीड़िता का 4 वर्षीय भाई उसके साथ सो रहा था। वह अचानक नींद से जागा और मदद की गुहार लगाने लगा। पीड़िता ने बयान में यह बात पुलिस को बताई है। पीड़िता का मासूम भाई रो-रो कर आरोपियों से बहन से दूर रहने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपी घटना को अंजाम देते रहे। आस-पास में कोई घर भी मौजूद नहीं था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लाइट न होने की वजह से एफआईआर में कुछ देरी हुई है, लेकिन सीधी थाने में ही शनिवार की शाम एफआईआर दर्ज की गई है।

**राजकुमार मिश्रा**
थाना प्रभारी, सीधी

## पति से झगडक़र बहू कुएं में कूदी, लोगों ने बचाया, दूसरे दिन ससुर ने लगा लिया फंदा

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के खमरौध गांव में एक 60 वर्षीय व्यक्ति मुरारी साहू, ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने बताया कि उनका शव गांव के नया तालाब के पास एक पेड़ में लटकता मिला। स्थानीय निवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस और जांच शुरू की है। मुरारी साहू पिता स्व. रामलाल साहू के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के पीछे एक दुखद घटनाक्रम है। मुरारी साहू की बहू ने एक दिन पहले ही पति से विवाद के चलते कुएं में कूद गई, जिसमें वह घायल हुई थीं। तत्काल परिजनों ने उसे कुएं से बाहर निकाल कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती करावा गया था। उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार जब मुरारी साहू अपनी बहू से मिलने अस्पताल पहुंचे तो, उन्हें तिरस्कार और जेल भेजने की धमकी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक बहू के मायके के लोगों ने मुरारी पर आरोप लगाया था कि उनके परिवार के कारण ही बहू ने कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। लोगों ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद हुआ था, जिसमें मुरारी की बहू ने कुएं में कूद कर जान देने की कोशिश की। समय रहते ही ससुर और अन्य लोगों ने कुएं से बहू को बाहर निकाला उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया था। उसकी हालत स्थिर है, लेकिन जेल जाने के डर से ससुर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### इनका कहना है...

हमने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच जारी है। परिजनों के बयान में यह बात सामने आई है कि बहू के मायके पक्ष के लोगों ने मुरारी और उनके परिवार वालों पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके चलते उन्होंने डर के कारण आत्महत्या का कदम उठाया।

**जे.पी.शर्मा**
थाना प्रभारी, अमलाई

**न्यायालयः असलम खान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**समंस/ईश्तहार**

व्यवहार प्र0 क्र0-04A/2018 पेशी दिनांक 16/04/2025
प्रोसेस नम्बर - 359/2025 22.03.2025

**श्याम बाई वगैरह विरुद्ध हठारु वगैरह**

आवेदक श्याम बाई केंवट, पिता स्व. साधराम केंवट, उम्र 63 वर्ष, जाति-केंवट, निवासी-ग्राम-बम्हनीडीह, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ०ग०), हाल मुकाम-पंप हाउस मेगजीन भांठा कोरबा, जिला-कोरबा छ0ग0 के द्वारा प्रतिवादी के विरुद्ध वाद वास्ते घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी क्र. 13-सीता उर्फ भूरी बाई केंवट, पिता-होरीलाल केंवट, जाति-केंवट,निवासी-ग्राम-बम्हनीडीह, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ०ग०), हाल मुकाम-बुढ़ार मोहल्ला सोनरन टोला, पोस्ट व थाना-बुढ़ार, जिला-शहडोल, मध्यप्रदेश। की उपस्थिति दिनांक 16/04/2025 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ईश्तहार/समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, उपर बनायी गयी तारीख 16/04/2025 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। टीप :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश पर रहता/रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 22/03/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(असलम खान)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में लहराया सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बिजुरी का परचम

**बिजुरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 08वीं व 05वीं की बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में सरस्वती शिशु मंदिर/उ.मा.वि. बिजुरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा,विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 08वीं में 101 विद्यार्थी व कक्षा 05वीं में अध्ययनरत 91 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।कक्षा 08वीं की परीक्षा में विद्याल में अध्ययनरत भइया अभिनव तिवारी ने 89.60 प्रतिशत अंको के साथ कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि कक्षा 05 में बहिन आरुषि केशरवानी ने 92.50 प्रतिशत अंकों के साँथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही।सभी भइया/बहनों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना विद्यालय के लिए असाधारण उपलब्धि है। भइया/बहनों की इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, प्रधानाचार्य सहित आचार्य परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है,वहीं प्रबंधन समिति ने इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय बच्चों की लगन और श्रम के साँथ आचार्यों की कुशल अध्यापन क्षमता और अनुभव को देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्राओं को दे रहे निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण



**कोतमा।** कोतमा नगर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे कि वह किसी भी परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में छात्राओं के द्वारा इस शिविर में पहुंचकर आत्मरक्षा से संबंधित दाव सीख रहे हैं। कोतमा मार्शल आर्ट्स खेल एवं कला एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक एवम निर्देशक देवशरण सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 10 जनपद पंचायत के सामने नवरात्र पर्व पर नगर की छात्राओ को निःशुल्क आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। देवशरण सिंह ने बताया कि आजकल बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं के चलते मनचलों को सबक सिखाने के लिए इस कला को अवश्य सीखना चाहिए। यदि किसी भी युवती को मार्शल आर्ट आता है वह मनचलों को सबक सिखा सकती है। पुलिस की कार्यवाही में देरी हो जाती है इसीलिए मौके पर लड़ने के लिए युवतियों की मार्शल आर्ट की कला मददगार साबित हो सकती है। देवशरण सिंह कहते हैं किअब युवतियों को मार्शल आर्ट सिखा कर उनका मनोबल बढ़ाना ही उसके जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व युवतियों का ग्रुप यदि उसे किसी अन्य स्थान पर कैंप लगाने के लिए निमंत्रण देता है तो वह तैयार है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ साथ युद्ध कला सिखाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### अधिवक्ता राम प्रकाश शुक्ला नियुक्त हुये नोटरी

**कोतमा।** भारत सरकार द्वारा कोतमा न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला को कोतमा न्यायालय में मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नोटरी के पद पर नियुक्त किया है। रामप्रकाश शुक्ला ने भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि सरकार के द्वारा निष्पक्ष रूप से केंद्रीय नोटरियों की नियुक्ति की गई है जिसके लिए हम भारत सरकार को धन्यवाद प्रेषित करते हैं।

### विधायक, कलेक्टर, सीईओ ने की मां विरासिनी की पूजा अर्चना



**उमरिया।** चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर नवरात्र के प्रथम दिन विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन तथा सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा घट स्थापित किया एवं जिले तथा प्रदेश के विकास एवं जिलावासियो एवं प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की कामना की ।

## ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ विक्रमोत्सव का हुआ शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य एक सार्वभौमिक महानायक थेः विधायक

### प्रतिपदा का पर्व देश के विभिन्न स्थानों में अलग-अलग तरीकों में मनाया जाता हैः कलेक्टर







**उमरिया।** प्रदेश सरकार की पहल पर जिले में नव वर्ष विक्रम संवत का कार्यक्रम सामुदायिक भवन उमरिया में अतिथियों व्दारा ब्रम्हध्वज की स्थापना तथा सूर्य उपासना के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेष्वर मिश्रा ने कहा कि विक्रमादित्य की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की थी । जो केवल राजनैतिक दृष्टि से ही नही बल्कि सांस्कृतिक साहित्यिक और न्यायिक रूप से भी अव्दितीय थे । आपनें नूतन हिंदू नव वर्ष तथा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है । सम्राट विक्रमादित्य ने शको को हराकर राज्य की स्थापना की थी । जीत की खुशी में विक्रम संवत की शुरूआत की गई तथा मालवा उज्जैन में काल चक्र गणना की गणितीय शुरूआत की गई , जो प्रमाणिक है । आपने बताया कि सृष्टि की उम्र 31 शंख, 10 खरब तथा 40 अरब वर्ष है । प्रतिपदा का पर्व कई मायनों में महत्वपूर्ण है । यह दिन भगवान झूलेलाल की उत्पत्ति , सिक्खो के गुरू अंगददेव के जन्म, भगवान राम एवं युधिष्ठिर के राज्याभिषेक का दिन है । इस दिन से राम नवमी का त्यौहार भी प्रारंभ होता है । राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले डा केशव हेडगेवार का जन्म भी प्रतिपदा के दिन हुआ था । कार्यक्रम में उपस्थित जनों से आपनें अपील की, कि नव वर्ष के दिन से सभी लोग नव राष्ट्र निर्माण में जुडने का संकल्प लें तथा वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरू एवं विकसित देश बनाने में सहभागी बनें ।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य एक सार्वभौमिक महानायक थे । उन्होने राज्य विस्तार के साथ ही अपनी न्यायप्रियता तथा राज्य संचालन से जनता का मन मोह लिया था । उनकी छवि एक आदर्श राजा की थी , उनके नव रत्नों व्दारा कला, संस्कृति और ज्ञान का अदभुत विकास किया गया । प्रदेश सरकार व्दारा देश के महान व्यक्तित्वों तथा उनके व्दारा किए गए कार्यो का संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करता हूं । इस अवसर पर उन्होंने जिलावासियों को चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा भारतीय संस्कृति , धर्म एवं कला के संरक्षण की दिशा में उठाया गया , यह एक महत्व पूर्ण कदम है । आपने कहा कि प्रतिपदा का पर्व देश के विभिन्न स्थानों में अलग अलग तरीकों में मनाया जाता है । महाराष्ट्र में यह त्योहार गुडी पडवा के रूप में मनाते है । जिसका कारण शिवाजी ने विदेशी शक्तियों को हराया था । चैत्र प्रतिपदा को झूलेलाल जयंती तथा कर्नाटक, गुजरात आदि प्रदेशों में भिन्न भिन्न रूपों में मनाया जाता है । जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की न्याय प्रियता तथा आदर्श सदैव अनुकरणीय रहेगा । विक्रमादित्य सभी धर्मो का सम्मान करते थे , उनके काल में मंदिरो,












बिहारो एवं शिक्षा केंद्रो का निर्माण हुआ ।

आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि हिंदू नववर्ष का पर्व हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जोड़ता है । उन्होने संगठित प्रशासनिक प्रणाली विकसित की जिसमें न्याय व्यवस्था, अर्थ व्यवस्था, रक्षा व्यवस्था और शिक्षा का विशेष महत्व था । वे स्वयं जनता के मामलों को सुनते थे और उचित निर्णय लेते थे जिसके कारण लोक गाथाओ में उन्हें धर्म का संरक्षक माना गया। आपने कहा कि हिंदू नव वर्ष सनातन संस्कृति का वाहक है, इसकी शुरूआत ज्ञान, विज्ञान एवं धर्म से जोडकर की गई है। प्रकृति में भी इसकी झलक देखने को मिलती है , जबकि पेडो में नई कोपल आने लगते है। आपने कहा कि हमारी संस्कृति में विज्ञान का अदभुत संगम है। ब्रम्ह ध्वज सूर्य उपासना के पूजन में नारियल , गुड एवं नीम की पत्ती का उपयोग किया गया है । नीम की पत्ती खाने से एलर्जी एवं चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है ।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, पार्षद, मिथिलेश मिश्रा, दिलीप पांडेय, मान सिंह, कृष्णाा जी, सुदामा पांडेय ,अखिलेश त्रिपाठी, धनुषधारी सिंह, तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी, सिविल सर्जन डा के सी सोनी , जन अभियान के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडेय, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह, उप संचालक शिक्षा आर एस मरावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी, सहित जनप्रतिनिधि , गणमान्य नागरिक , विद्यार्थी , शिक्षक , शासकीय सेवक , पत्रकार उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने किया ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर हुआ आगाज





**उमरिया।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर जिले के पाली जनपद पंचायत के ग्राम मलियागुडा में जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज मेढवरिया तालाब में श्रमदान के साथ हुआ । जिसमें समाज के सभी वर्गो ने बढ चढकर हिस्सा लिया तथा अपनी जल संरचना के संरक्षण की शपथ ली ।

जल गंगा संवर्धन अभियान को जन अभियान बनाने हेतु विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, दिलीप पांडेय,जनपद पंचायत अध्यक्ष पाली मनीष सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, सरपंच मलियागुडा लक्ष्मी सिंह, योगेष खंडेलवाल सहित जनपद सदस्योा, पंचों , ग्रामीणों तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों ने श्रमदान किया।



तालाब का निर्माण 10 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत व्दारा कराया गया था ।

विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना कुछ भी संभव नही है । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव प्रदेश की जनता विशेषकर किसानो का जीवन सुविधायुक्त बनाना चाहती है । खेती किसानी बिना पानी के संभव नही है । जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन आप सभी के सहयोग से किया जा रहा है । वर्षा के जल को बचाने , जल संरचनाओं का जीर्णोध्दार करने में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हम सब सहभागी बनें ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पानी खत्म तो जीवन हजम। पानी की बचत भविष्य का सुखद संदेश लेकर आता है । हम सबको जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है । पानी की बूंद बूंद का उपयोग जीवन रक्षा तथा पेड पौधे, पशु पक्षी एवं फसल को बचाने के लिए किया जाना चाहिए । यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर संयुक्त प्रयास करें।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जल बचत है एक - जिसके लाभ है अनेक । पानी की बचत की आदत को हम सबको इबादत की तरह अपनाना चाहिए । हम स्वयं तो जल संरक्षण करें ही अपने आस पडोस , घर गांव , समाज के लोगों को भी जल संरक्षण हेतु प्रेरित करें । इस अभियान को जन अभियान बनाकर सभी लोग सहभागी बनें। दिलीप पांडेय ने कहा कि जल बचत है मेरा नाम- जीवन सुरक्षा है मेरा काम। जल से ही जीवन की सुरक्षा है । प्रकृति के संरक्षण के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण तत्व है।

# बिजुरी पुलिस ने अवैध रेत (खनिज) के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**बिजुरी।** ‹



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना बिजुरी की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर 29 मार्च को ग्राम बैहाटोला केवई नदी में एक नीले रंग का बिना नम्बर प्लेट का स्वराज्य कम्पनी का ट्रेक्टर ट्राली में अवैध रेत खनिज चोरी से उत्खनन कर परिवहन करते हुये केवई नदी में मिला जिसे हमराह स्टाफ़ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया उत्खनन परिवहन के संबंध में काग़ज़ात नहीं होने पर ट्रैक्टर को मय ट्राली व रेत खनिज को समक्ष गवाहान के विधिवत ज़ब्त किया जाकर आरोपी चालक ओमप्रकाश साहु पिता दयाराम साहु उम्र 23 साल निवासी कटकोना के विरुद्ध थाना बिजुरी में अप० क्र० 94/25 धारा 303(2), 317(5) बी एन एस 4, 21 खान एवं खनिज अधिनियम, 130, 177(3), 66, 192A, 177 मोटरयान अधिनियम व 77 केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम का क़ायम कर विवेचना में लिया गया है।

### गर्मी बढ़ते ही मिट्टी के घड़े एवं सुराही की बढी मांग

# देशी फ्रिज की बिक्री हुई तेजी



**बदरा/जमुना।** बीते कुछ दिनों से गर्मी ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है दिन-रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए मिट्टी के घड़े एवं सुराही की मांग बढ़ रही है नेशनल हाईवे रोड महामाया मंदिर बदरा मे कई वर्ष से 200 किलोमीटर दूरी की चंदिया निवासी हर वर्ष की भांति इस बार भी अपनी दुकान लगाई हुई है। मिट्टी के घड़े की इस साल पहले ग्राहक इस बार राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा लिया गया रोजाना 15 से 20 सुराही एवं मटके बिक रहे हैं आसपास के लोगों का कहना है फ्रिज के पानी से सर्दी जुकाम एवं सिर दर्द होती है लेकिन घड़ा एवं सुराही की पानी से किसी तरह का कोई परेशानी नहीं होती चंदिया निवासी द्वारा बताया गया की पूरा बिक्री होने पर दोबारा मनाया जाता है आने जाने का किराया भाड़ा एवं खाने पीने की व्यवस्था स्वयं लगाना पड़ता है लेकिन यहां बिक्री अच्छे से हो रही है इस वजह से हर वर्ष होली के बाद एक माह के लिए कई वर्षों से दुकान लगा रहा हूं।

# शांतिपूर्वक पर्व मनाने शांति समिति की बैठक संपन्न



**कोतमा।**

चैत्र नवरात्र, रामनवमी, झूलेलाल जयंती,ईद-उल-फितर को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गणमान्य नागरिकों के द्वारा अपने अपने सुझाव दिए गए। बैठक में नपा अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीओपी आरती शाक्य,तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी सुंन्द्रेश सिंह, सीएमओ प्रदीप झारिया, मनोज अग्रवाल, इकबाल हुसैन, सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी से पर्व उत्साह, उमंग व सद्भावना से मनाए जाने की अपील की गई। ईदगाह स्थल पर साफ-सफाई, बैठक, जल तथा प्रकाश व्यवस्था नगर पालिका द्वारा बनाई जाएगी। तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने कहा कि पर्व को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पर्व को सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील की गई है। सोमवार को सिंधी धर्मशाला में झूलेलाल जयंती मनाई जाएगी। जुलूस, रैली सहित किसी भी आयोजन की अनुमति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करे। चांद नजर आने के बाद मुस्लिम समाज के द्वारा ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा । जिसको लेकर बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ईद के दिन इसलामगंज मस्जिद,बनिया टोला मस्जिद एवं लहसुई गांव के पास ईदगाह में नमाज अदा की जाएगी । जिसमें भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकत्र होंगे। नमाज के बाद कब्रिस्तान भी जाएंगे। नगर पालिका द्वारा सभी धार्मिक स्थलों सहित मस्जिदों एवं ईदगाह स्थल पर साफ-सफाई कराई जाएगी। रविवार से चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है जिसको लेकर प्रमुख मंदिर जाने वाले रास्तों की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने बताया कि सुबह से मंदिरो में महिलाएं पूजन हेतु आती है इसके लिए पुलिस कर्मचारियों की सभी प्रमुख मंदिरों में ड्यूटी लगाई गई है।

# चैत्र नवरात्र के पहले देवी मंदिरों मे उमड़ी भक्तों की भीड़

**कोतमा।**



चैत्र नवरात्र के पहले दिन कोतमा नगर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालु देवी मंदिरों की ओर निकल पड़े। मंदिरों में जय माता दी और जय मां दुर्गे के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। नगर के देवी मंदिरों को खूबसूरती से सजाया गया है। कुछ मंदिरों में प्राकृतिक फूलों का प्रयोग किया गया है, तो कहीं आकर्षक झालरों से सजावट की गई है। ब्रह्म मुहूर्त से ही शारदा काली मंदिर बूढ़ी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर पंचायती मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर लहसुई कैंप गोबिंदा कालोनी देवी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिरों के आस-पास चुनरी, प्रसाद और फूलों की दुकानें सजी हुई हैं। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही जवारे बोये गए हैं एवं अखंड ज्योति जलाई गई है जो पूरे नवरात्र के दौरान 24 घंटे निरंतर जलती है। मंदिरों में मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु पहुंचकर कथा पूजन के साथ ही कन्या भोज का आयोजन भी कर रहे हैं । नगर पालिका के द्वारा मंदिरों के आसपास साफ सफाई तथा मंदिर जाने वाले रास्तों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह के द्वारा पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी मंदिरों में लगाई गई है और घूम-घूम कर पेट्रोलिंग की जा रही है ।

## खबर संक्षेप



### यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्रांतर्गत कोयले के ओव्हरलोड परिवहन और टीपी न होने के कारण यातायात और खनिज विभाग तथा तहसीलदार नौरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में परिवहन विभाग व्दारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान तीन ट्रको पर कार्यवाही की गई। बिना उचित टीपी के गिटटी का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर ट्राली को खनिज विभाग और नौरोजाबाद तहसीलदार के साथ मिलकर थाने मे सुपुर्द करवाया गया ।

### विकास शुल्क वसूल किये जाने आयुक्त ने गठित किया दल

**कटनी।** म.प्र. नगरपालिका (कालोनी विकास) निगम 2021 के तहत अनाधिकृत कालोनियों में मूलभूत नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा दिनांक 31.12.2016 के पूर्व की चिन्हित अवैध कालोनियों के अभिन्यास का अंतिम प्रकाशन किया जाकर विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। अतः उपरोक्त नियमों के परिपेक्ष्य में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए प्रथम चरण में वार्डो में चिन्हित कालोनियों में शिविर आयोजित करते हुए अनिल जायसवाल, प्र. सहायक यंत्री एवं प्र. अधिकारी कालोनी सेल के निर्देशन में विकास शुल्क की वसूली किये जाने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेशनुसार प्रथम चरण में क्रमानुसार दिनांक 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.1 में,दिनांक 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बिरसा मुंडा वार्ड क्र.2 में,दिनांक 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र 3 में,दिनांक 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक इंदिरा गांधी वार्ड क्र 04 में,एवम् दिनांक 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक राममनोहर लोहिया वार्ड में शिविर आयोजित किए जाएँगे ।जिसमें उपस्थित होकर वार्ड नागरिक सुलभता के साथ विकास शुक्ल जमा कर सकेंगे।

### विक्रमोत्सव कार्यक्रम आज, अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**कटनी।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से चौत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर नगर निगम आडिटोरियम बस स्टेंड के पास विक्रमोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को नोडल अधिकारी तथा डॉ सुनील बाजपेयी प्राचार्य तिलक कॉलेज और पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम में रविवार 30 मार्च को पूर्वान्ह में सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर ब्रम्ह ध्वज स्थापित करनें तथा सम्राट विक्रमादित्य विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही बरतने पर कोठियां मोहगवां सचिव को किया निलंबित

**बरही।** विधानसभा सभा सत्र दिसंबर 2024 की शून्य काल सूचना क्रमांक 102 द्वारा बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय द्वारा ग्राम पंचायत कोठियां मोहगवां बड़वारा जनपद की चाही गई। जानकारी के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद से जांच कराई गई मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पत्र क्रमांक /2014 विधान सभा/ज.पं /2025 बड़वारा दिनांक 30.01.2025 के द्वारा प्राप्त जांच प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**बुढ़ार।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज लारोकर के निर्देशन पर तथा महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती रामकुमारी पांडेय के मार्गदर्शन में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेक्टर बिरूहली, बकहो, धनपुरी, चन्नौड़ी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, और प्रशिक्षण के तीसरे दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने अवलोकन किया तथा कार्यकर्ताओं को पाठ्य क्रम के विविध आयामों से अवगत कराया।



प्रशिक्षण अवसर पर परियोजना अधिकारी रामकुमारी पांडेय ने बताया कि -पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ई.सी.सी.ई. पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास के आयामों (शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक भावनात्मक नैतिक, सांस्कृतिक/कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से प्रारंभ होकर 29 मार्च तक विभिन्न सत्रों में आयोजित किया गया। भारत सरकार महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ई.सी.सी.ई.हेतु नेशनल करीकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिये नेशनल फेमवर्क (नवचेतना) तैयार किये गये हैं, जिसके तहत पोषण भी, पढ़ाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाड़ी केंद्र में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। कुशल प्रशिक्षक पर्यवेक्षक - कल्पना शर्मा, प्रियंका ठाकुर, सुनीता रजक, उषा वर्मा, द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## कलेक्टर साहब हम लोगों के धैर्य की परीक्षा न लो

### शराब दुकान को हटाने को लेकर वार्डवासी संघर्ष को तैयार

**धनपुरी।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हंसराज तनवर ने वार्ड नंबर 04 की शराब दुकान को हटाने को लेकर 11 मार्च से वार्ड की जनता को साथ लेकर संघर्ष जारी है, क्योंकि अब किसी भी कीमत पर शराब दुकान वहां उचित नहीं है और अब हम वार्डवासियों के धैर्य की परीक्षा न लो, जबकि जो शासन की गाइड लाईन है, उसके अनुसार ही हम वहां से अन्यत्र हटाने को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि नगर पालिका द्वारा पत्र क्रमांक 612 दिनांक 02 अगस्त 2024 को पत्र दिया जा चुका है और हमारे क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी द्वारा 13 नवम्बर 2024 को पत्र दे दिया है, वैसे तो गली-गली में शराब बिक रही है, अब अगर आबकारी विभाग स्थानांतरण नहीं करेगी तो, वार्ड की जनता को साथ लेकर हम वो संघर्ष करेंगे कि आबकारी विभाग स्वयं देखेगा।

## बकहो का वार्ड क्रमांक तीन में नहीं होती नियमित सफाई और न ही पहुंचते हैं कचरा वाहन

**अमलाई।**

नगर परिषद बकहो अंतर्गत वार्ड क्रमांक तीन उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि नगर परिषद के वार्ड क्रमांक तीन का यह क्षेत्र कर्मचारियों द्वारा भुला दिया गया है रहवासियों का कहना है कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था यहां नही दिखाई पड़ती है इतना ही नही यहां स्ट्रीट लाइट भी नही लगाया गया है सफाई कर्मचारी के नही पहुंचने के कारण क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जगह जगह फैली पॉलीथिन और अन्य कचड़ा बकहो के इस क्षेत्र की दुर्दशा बताते है रहवासियों का कहना है कि यहाँ कचड़ा वाहन भी नही आता है जिससे घरों से निकलने



वाला कचड़ा का संग्रहण हो सके। इस प्रकार की अनदेखी से यहां के रहवासी अब अपने आप को अपेक्षित महसूस कर रहे है। और कह रहे है कि नगर परिषद द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। बकहो क्षेत्र लगभग सभी जगहों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी है किंतु इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट भी नही लगाई गई है। जबकि यह नेशनल हाइवे से सटकर यह क्षेत्र है तब भी यहाँ की गली में नगर परिषद की सुविधाएं नही पहुंच पा रही रही।

## शौर्य ने घोषित परीक्षाफल में प्रथम स्थान अर्जित

### कर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

**बुढार।** छात्र-शौर्य नामदेव ने कक्षा 4 के घोषित परीक्षाफल में 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



दिल्ली पब्लिक स्कूल जबलपुर में अध्यनरत छात्र शौर्य नामदेव जो नगर के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अवधेश प्रताप नामदेव के पोता है और प्रकाश - शिवानी नामदेव के पुत्र हैं, जिन्हें कक्षा चतुर्थ में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अव्वल रहे। होनहार छात्र पूर्व की कक्षाओं के घोषित परीक्षा परिणाम में भी सर्वाधिक अंक हासिल कर सफलता हासिल की। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद नामदेव के पोता शौर्य नामदेव के घोषित परीक्षाफल में उल्लेखनीय सफलता मिलने पर स्नेहियों ने होनहार छात्र के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।



### शराब दुकान के कारण आए दिन होता विवाद, रहवासी परेशान

## शराब दुकान हटाए जाने सौंपा ज्ञापन

**कोतमा।**

नगर के बस स्टैंड बाजार एवं आवासीय परिसर में संचालित शराब दुकान के कारण आए दिन हो रहे विवाद, असामाजिक तत्वो के जमघट होने से देर रात तक हंगामा से परेशान वार्ड वासी एवं महिलाओं के द्वारा मंत्री दिलीप जायसवाल, जिला प्रशासन, सहित स्थानीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए नगर हित में शराब दुकान को हटाए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया कि शराब दुकान के कारण आए दिन हो रहे विवाद, हंगामा, शराबखोरों के जमघट लगने से व्यापारी एवं महिलाएं अत्यधिक परेशान हैं। शाम ढलते ही शराब दुकान के सामने भारी भीड़ लग जाती है चारों तरफ अवैध रूप से मांस का विक्रय करने वाले दुकानो में बैठकर शराब पीकर गाली गलौज देते रहते हैं। शाम के बाद महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।देर रात तक शराब बिक्री की जाती है जिस कारण रात भर हो हल्ला हंगामा के साथ झगड़ा विवाद भी बना रहता हैं। ज्ञापन सौंपने वाले प्रदीप उपाध्याय, प्रकाश गुप्ता,डब्बू सिंह, राम लखन, चंदन, धर्मेंद्र, राजेश, लाला, गुड्डू सहित अन्य लोगों ने बताया कि शराब दुकान के कारण दिवाली की रात को पेशेवर अपराधियों के द्वारा घंटों हुड़दंग मचाते हुए त्यौहार की खुशी बिगाड़ दिया गया था। पुलिस आने पर ही हुड़दंगी भाग खड़े हुए थे। जगह-जगह शराबियों का जमघट बना रहता है।शराब पीकर हो रहे हंगामा से पूरे नगर की शांति व्यवस्था बिगड़ती रहती है।आए दिन गाली गलौज एवं हंगामा के कारण घर में रह रहे बच्चों एवं युवाओं पर भी गलत संस्कार पड रहे हैं। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल है। शराब दुकान के कारण सभी वार्ड वासी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## सरस्वती शिशु उमावि जैतहरी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जैतहरी।**

सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी का 29 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा सातवीं के छात्र डीएन सिंह चंदेल माता निशा सिंह चंदेल पिता दिनेश कुमार सिंह चंदेल ने पुराणिक 600 में 551 अर्थात 91.83% अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड शिक्षक रामस्वरूप दुबे विद्यालय के व्यवस्थापक डॉक्टर पुष्पेंद्र नामदेव विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दीपक उरमलिया अभिभावक दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड जैतहरी स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल एवं नव सैनिक पुराने छात्र धीरज राठौर मंच पर उपस्थित रहे कक्षा सातवीं में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सभी अतिथियों द्वारा डीएन सिंह चंदेल को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र अंक सूची देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह अरुण उदय कक्षा प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम छठवीं सातवीं आठवीं नवमी एवं 11वीं कक्षा के सभी प्रथम द्वितीय तृतीय आए



मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र अंक सूची देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी मेधावी छात्रों के गणमान्य अभिभावक भी उपस्थित रहे विद्यालय की व्यवस्थापक डॉक्टर पुष्पेंद्र नामदेव ने कहा आप सभी को बधाई जिन्होंने विद्यालय में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया लेकिन जो किसी कारणवश प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त नहीं कर पाए हैं वह भी बधाई के पात्र हैं। मंच पर उपस्थित रूप में दिनेश कुमार सिंह चंदेल विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल ने कहा कि जो विद्यार्थी प्रथम द्वितीय तृतीय आए हैं वह सभी बधाई के पात्र हैं लेकिन भविष्य में जो किसी कारणवश कम अंक प्राप्त किए हैं भविष्य में आप सभी अच्छा अंक एक अच्छे सोच के साथ मेहनत के साथ प्राप्त करें सभी को बधाई भविष्य में आप आगे बढ़े पुराने छात्र जो आज नौसेना में अपनी ड्यूटी दे रहे हैं धीरज राठौर ने कहा हम इसी स्कूल से पढ़े हैं निश्चित ही यह विद्यालय बहुत अच्छी है और आप सभी मेहनत करके पढ़ें निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दीपक उरमलिया ने कहा सभी आप लोगों को बधाई और शुभकामनाएं जो आप आप सभी अच्छा अंक प्राप्त कर हमारे विद्यालय का नाम रोशन किया है और जो किसी कारणवश कम अंक प्राप्त किए भविष्य में वे सभी अच्छा अंक प्राप्त करें मंच का संचालन आचार्य एवं परीक्षा प्रभारी हिमांशु गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ आचार्य व्याख्याता प्रेम प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया।

## विक्रमोत्सव नव वर्ष के अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य पर नाट्य का किया गया मंचन





**उमरिया।**

भारत का नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरूआत चैत्र प्रतिपदा से हुई । इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित नाट्य का मंचन लोकरंग समिति सतना व्दारा सामुदायिक भवन उमरिया में किया गया। जिसका संचालन सविता दाहिया एवं नरेन्द्र सिंह व्दारा किया गया। यह आयोजन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश , मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दल के कलाकारों ने ब्रम्हध्वज सूर्य उपासना के साथ किया गया । इस नाटक में सम्राट विक्रमादित्य के मालवा के शासक बनने के पहले , शको को हराकर सत्ता संभालने, कुलदेवी हरसिद्धी की उपासना , उनके नवरत्नों जिनमें कारजात, बराहमील, धनवंतरी, अमरसिंह, छपाक, घटकरपर, शंकु, बेताल भटट और वररूचि शामिल थे , के सहयोग से संस्कृति कला और ज्ञान के संगम से न्याय धर्म और कला की स्थापना का प्रस्तुतिकरण दिया गया। उनके काल में विक्रम संवत की शुरूआत कालगणना का शुभारंभ , राज्य विस्तार तथा सिंहासन बत्तीसी, बेताल पच्चीसी जैसी रचनाओं में प्रचलित कहानियों का मंचन किया गया ।

## पंचम, अष्टम की परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**

सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के अष्टम एवं पंचम के भैया बहनों ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवम नगर तथा अपने पालकों को गौरवान्वित किया है। कक्षा अष्टम में आकृति सिंह पिता विनोद सिंह 89%, लक्ष्मी प्रजापति पिता संतोष प्रजापति 87.6%, अंशिका महोबिया पिता अशोक महोबिया 87.66%, श्रद्धा कुशवाहा पिता विद्या चरण 87.66%, ओम रजक पिता सतीश रजक 86.5%, इसी तरह कक्षा पंचम के अनिकेत कुमार पटेल पिता नर्मदा प्रसाद 86 %, रिया केवट पिता जालंधर केवट 83%, अमन चौधरी पिता सुंदरलाल चौधरी 79.05%, आदित्य कुमार



यादव पिता मुकेश यादव 78%, रौनक सिंह पिता सुरेंद्र सिंह 77.75%, कक्षा अष्टम में 80% से 95% तक 11 भैया बहन 79% से 70% तक 11 भैया बहन पास हुए और 69% से 60 %तक 4 भैया बहन उत्तीर्ण हुए। कुल 26 भैया बहनों ने कक्षा अष्टम में सफलता हासिल की। कक्षा पंचम में 80% से 95% तक 2 भैया बहन 79 %से 70% तक 9 भैया बहन और 69% से 60% तक 16 भैया बहन योग27। सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में अध्ययनरत भैया बहनों के द्वारा शानदार सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी को बधाई दी गई है व भैया बहनों के उज्वल भविष्य की कामना की गई है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे, रामलाल नामदेव ,मनीषा दुबे, राकेश निगम ,संध्या सोनी ,सोना केवट, सोनाली सोनी, प्रिया निगम ,संदीप बर्मन, और शीलू कोरी, रीना गुप्ता सभी को भैया बहनों के अभिभावकों द्वारा बधाई दी गई है।

## खबर संक्षेप



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद ने किया श्रमदान

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के द्वारा मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के आहान पर प्रदेश भर में जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोन नदी मे सामुहिक श्रमदान किया गया। इस दौरान नदी के बरबसपुर तट पर फैले कचरे की सफाई हेतु कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल की अगुवाई में जन अभियान परिषद की टीम ने नदी में फैली प्लास्टिक, गाद को खत्म करने हेतु श्रमदान किया। विगत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक मे कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा सोन नदी में लगातार बढ़ती हुई गन्दगी को देखते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामुहिक साप्ताहिक स्वच्छता श्रमदान चलाने के निर्देश दिए गए थे। श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, ब्लाक समन्वयक फते सिंह, अनूपपुर विकासखंड के सभी परामर्शदाता व सी एम सीएलड़ीपी छात्र, नवांकुर प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य समाजसेवी अरुण सिंह, फुक्कू सोनी उपस्थित रहे। जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रमुख उदेश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को जागरूक करना है। नदी देवी स्वरूपा होती है, हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे स्वच्छ व निर्मल रखें जल है तो कल है जल ही जीवन है।

### एक गोबरी एवं दो हाथी ने धनगवां के जंगल में जमाया डेरा, रात में फसलों को रहे खाते

**अनूपपुर।** शनिवार की शाम दो नए मेहमान हाथी छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं बीट चोलना में प्रवेश कर रात भर चोलना, बचहाटोला, कुकुरगोड़ा गांव में चलते हुए ग्राम पंचायत के क्योटार के कुशुमहाई गांव से लगे जंगल में पहुंचकर रविवार के दिन विश्राम कर रहे हैं वही एक दांत वाला नर हाथी शनिवार की ग्राम पंचायत गोबरी के गोबरी के जंगल से निकलकर तीन-चार घंटे तक निरंतर ठाकुबाबा के पास स्थित सुखीलाल राठौर के खेत में लगे गेहूं की फसल को आहार बनाता हुआ गोबरी गांव के मोहल्लों से ग्राम पंचायत पगना के बांका गांव की सीमा तक विचरण करते जाते हुए रविवार की सुबह फिर से वापस आकर ठाकुरबाबा के पास स्थित गोबरी गांव के जंगल में विश्राम कर रहा है वनविभाग के अधिकारी/कर्मचारी हाथियों के विचरण पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं तथा ग्रामीणों को सचेत तथा सतर्क रहने की अपील की गई है।

### जेएमएस कैंप में मिशन नचिकेता के तहत किया आयोजन



**धनपुरी।** महाप्रबंधक सोहागपुर क्षेत्र पी.श्रीकृष्णा के निर्देशानुसार, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) सोहागपुर क्षेत्र ने खैरहा तथा बंगवार के जेएमएस वर्कर्स के लिए दो दिवसीय स्पेशल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 27 मार्च को जेएमएस कैंपस खैरहा, राजेंद्रा में, एटीओ प्रकाश पाटले एवं गोविंद सिंघल, असिस्टेंट मैनेजर के कुशल नेतृत्व में किया। यह कैंप जेएमएस वर्कर्स को नए सीएम मशीन के लिए तैयार करने एवं उनको सुरक्षा संबंधित जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया। स्पेशल ट्रेनिंग कैंप का प्रारंभ मुख्य अतिथि के रूप में रीजनल ऑफिसर, पर्यावरण, शहडोल विभाग, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुकेश श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय प्रबंधक, राजेन्द्र उप क्षेत्र, वी.के.सिन्हा जी एवं मुख्य प्रबंधक, राजेंद्रा खदान, बालाकृष्णन बोनेला ने दीप प्रज्वलन कर किया।


## शहर छोड़ हाईवे पर तैनात पुलिस, तिराहे, चौराहे में जाम हुआ आम

# कोतवाली पुलिस बनी वसूली गैंग

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद जिला सहित जिला मुख्यालय में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, परंतु कोतवाली पुलिस द्वारा हाईवे पर वाहन चेकिंग लगाकर चेकिंग के नाम पर लोगो से मनमाने तरीके से अवैध वसूली की जा रही है। कभी गाड़ी कागजात तो कभी हेलमेट न पहनने की वजह से कार्यवाही का डर दिखाकर जमकर अवैध वसूली की जा रही है। दूसरी ओर जिला मुख्यालय का आंतरिक भाग यातायात व्यवस्था से परेशान हो चुका है, लेकिन यातायात पुलिस को इन सबसे कोई मतलब नही है क्योंकि यहां आमदनी अठन्नी खर्चा रूपैया जो है।

अनूपपुर।





कोतवाली पुलिस से जिला मुख्यालय में आने वाले भोले-भाले ग्रामीण सबसे अधिक अवैध वसूली का शिकार बन रहे है। सूत्रों की माने तो पैसा मिलने के बाद बिना चालन किये ही वाहन छोड़ दिया जाता है, तो वहीं सरकारी वाहनों को अनदेखा कर दिया जाता है। हैलमेट कानून आम नागरिकों के लिये ही लागू है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के बाहर हाईवे पर अक्सर कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही है। जिसमें पुलिस द्वारा जमकर अवैध वसूली की जा रही है जबकि जिला मुख्यालय में जाम लगने के कारण लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा रहा है, परन्तु यहां कोतवाली व यातायात पुलिस जाम हटवाने से ज्यादा अवैध वसूली में लगी रहती है वहीं शहर में ट्रैफिक पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर बिना हेलमेट के चलने वालों से रुपए लेकर उन्हें छोड़ देती है। अगर कोई पैसे देने में आनाकानी करता है तो उसका चालान काट दिया जाता है। यह पुलिस वालों का धंधा एक दिन का नहीं, बल्कि हमेशा का है। यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्थाओं और कामकाज से ज्यादा सडकों में खड़े होकर वाहनों को रोककर डराया जाता है और पुलिस कर्मियों द्वारा चालान करने की धमकी देकर अपनी जेबें गरम की जा रही हैं।

### नाम के लिये खड़ी रहती पुलिस

शहर के प्रमुख मार्गो में जाम की स्थिति एक बड़ी समस्या बनती नजर आ रही है। शहर मे प्रतिदिन लम्बा जाम लगता है परन्तु जहां जाम की स्थिति बनती है वहां पुलिस कर्मी सिर्फ नाम के लिये मौजूद रहते हैं। पुलिस कर्मियों द्वारा नाम के लिए खडे होने की बात महीनों पहले की है जबकि वर्तमान समय मे लगभग महीने भर से कोतवाली पुलिस के दर्शन ही दुर्लभ हो चुके हैं। जाम की समस्या से लोगों को खुद ही निपटना पड़ता है।

### वाहन चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली

वाहन चैकिंग के नाम पर सबसे अधिक परेशान ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुये भोले भाले लोग हो रहे है। अशिक्षित होने के कारण पुलिस उन्हें कार्यवाही के नाम पर डराकर उनसे पैसे ऐठ लेती है। जिस कारण उन्हें सबसे अधिक परेशान होना पड़ रहा है वही बाजार क्षेत्र में नागरिकों को जाम से राहत दिलाने के मामले में कोतवाली पुलिस महज औपचारिकता निभा रही है।

### औपचारिकता भी नही निभा पा रही पुलिस

स्टेशन चौक समेत इंदिरा तिराहा, शंकर मंदिर तिराहा, हनुमान मंदिर तिराहा समेत मुख्य मार्गो पर आए दिन ऑटो व अन्य वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े रहने के कारण आवागमन में नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में कार्रवाई तो दूर की बात कोतवाली पुलिस वहां खडे होकर औपचारिकता भी नही निभा पा रही है। जिस कारण जाम व बेहतरतीब पार्किंग से वाहन चालकों को राहत नहीं मिल पा रही है।

### इन परेशानियों से जूझ रहे वाहन चालक

स्टेशन चौक से थाना चौक मार्ग पर अमूमन जाम लगने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यहां मुख्य मार्ग पर दोपहिया व अन्य वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण जगह मिलना मुश्किल हो जाती है। हनुमान मंदिर तिराहा से बस स्टैण्ड तक दुकानों के सामने वाहन व सड़क पर लगने वाले दुकान के कारण भी वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि इन स्थानों पर कोतवाली पुलिस की सक्रियता नजर नहीं आती है।



## हिंदू नव वर्ष में अमरकंटक में विशाल शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में हिंदू नव वर्ष के पावन पर्व पर अमरकंटक में रविवार की सुबह से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से अमरकंटक के पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अमरकंटक के द्वारा विशेष शाखा व डाक्टर हेडगेवार के आदर्श पर मुख्य वक्ता के द्वारा विचार व्यक्त किया गया व परिचय एक दूसरे से किया गया फिर शाम चार से हजारों की संख्या हिंदू समाज अमरकंटक के सदस्यों के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान राम व माता सीता माता की झांकी विशेष रहा जिसको सरस्वती मंदिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया था पुरा राम धुन में समाहित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक स्वामी जगदीशानंद जी महाराज स्वामी हरस्वरूप जी महाराज नगर कार्यवाहक रणजीत सिंह ओम प्रकाश अग्रवाल प्रकाश अंबिका तिवारी रोशन पनारिया अंजना कटारे बबिता सिंह ऊषा पाण्डेय द्विवेदी दिनेश द्विवेदी अभिषेक द्विवेदी पत्रकार उमाशंकर पांडेय धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय वह अन्य नगर के गणमान्य नागरिक संत समाज एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून

### जिले में भोलगढ़ से जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ, 30 जून तक चलेगा अभियान

अनूपपुर।



विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने कहा है कि जीवन के लिए जल बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सभी नागरिकों को आगे आना होगा। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तालाबों को सहेजने की आवश्यकता है। सभी को मिलकर प्रयत्न करना होगा कि तालाबों में पानी हमेशा भरा रहे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहल पर दूसरी बार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण, प्रकृति तथा जल के संरक्षण के लिए महती भूमिका निभा रहा है। विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह आज अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के अंतर्गत ग्राम भोलगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विधायक अनूपपुर द्वारा रहीम दास के दोहे रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून के माध्यम से जल के महत्व को लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शुद्ध एवं स्वच्छ जल को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान आज अर्थात 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता निभाने और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपना-अपना योगदान देने का आहान भी किया।

### विधायक ने श्रमदान कर किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने ग्राम भोलगढ़ के ससन तालाब में श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लोगों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु अपील भी की। विधायक ने जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई तथा जल के उपयोगिता के संबंध में लोगों को जागरुक भी किया।

### लगभग 3739 जल स्रोत के संवर्धन के कार्य स्वीकृत

जिले में लगभग 3739 जल स्त्रोत के संवर्धन के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत अनूपपुर में 696 जनपद पंचायत जैतहरी में 1205 जनपद पंचायत कोतमा में 529 एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में 1309 कर स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों में तालाब, कुआं, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोतों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिक राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी लाल बहादुर वर्मा, सरपंच बरबसपुर बिसाहू लाल रौतेल, अन्य जन प्रतिनिधि सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिको ने सहभागिता की।

### नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया गया अभियान

जल गंगा अभियान के शुभारंभ अवसर पर आज जिले भर के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित किए गए जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों में जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया गया इस अवसर पर जिले के महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों पर कार्यक्रम आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया।

## अनूपपुर में विक्रमोत्सव 2025 कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम- राज्य मंत्री



### सम्राट विक्रमादित्य पर नाट्य तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

अनूपपुर।

प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि हमारे भारत का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध एवं स्वर्णिम है। हमारा भारत संस्कार, संस्कृति एवं परंपरा का परिचालक है। हमारे भारत के गौरवपूर्ण इतिहास पर पूरी दुनिया हमेशा ही गर्व करती रही है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास के साथ-साथ तीज त्यौहार एवं पर्व मनाने का निर्णय लिया है। आज भारत का नव वर्ष अर्थात विक्रम संवत है, आज के दिन को हम भारतीय संस्कृत में नव वर्ष के रूप में मनाते हैं, विक्रम संवत की शुरुआत अवंती के सुप्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य द्वारा किया गया था, आज का दिन हिंदू नव वर्ष में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय दिन है। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल आज अनूपपुर जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित विक्रमोदित्य कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने सभी को चैत्र नवरात्रि, चैटीचंद, गुड़ी पड़वा एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज नव वर्ष के साथ-साथ आदिशक्ति जगत जननी मां जगदंबा की आराधना कर अपनी जिम्मेदारियां का पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए आगे बढ़े। हमारी संस्कृति विश्व का कल्याण एवं प्राणियों में सद्भावना जैसे विचार रखने वाली वाली संस्कृति है। हमें इस संस्कृति पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मध्य प्रदेश की धरती पर जहां-जहां पर भगवान राम तथा भगवान कृष्ण के चरण पड़े, वहां-वहां राम पथ गमन एवं श्री कृष्ण पाथेय योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने का बजट पास किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि हमारा भारत वैदिक काल से ही संस्कृति सभ्यता और परंपरा का केंद्र रहा है। हमारा भारत ऋषि मुनियों का देश है, आज का दिन सरकार ने हर्षोल्लाह, उत्साह एवं उमंग के साथ मनाने का निर्णय लिया है, यह अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। उन्होंने गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार कार्यक्रम को जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजेन्द्र तिवारी ने भी संबोधित करते हुए विक्रम संवत के महत्व व भारतीय संस्कृति के संबंध में विचार रखें तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तथा कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी उमेश पाण्डेय ने भारत के नव वर्ष विक्रम संवत के महत्व के संबंध में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिक राठौर ने ब्रह्म ध्वज का वंदन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में रंग अनुभव संस्कृत शिक्षा समिति रीवा द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। इसी प्रकार धर्मवीर भारती द्वारा लिखित नाटक अंधायुग अश्वत्थामा के अंश भाग की प्रस्तुति तथा वैष्णवी द्विवेदी एवं अंशिका मिश्रा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई, प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। यह कार्यक्रम महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन, मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल एवं जिला प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से आयोजित हुआ।



## हिन्दू-मुस्लिम भाइयों ने एक साथ किया रोजा इफ्तार, दिया भाईचारे का संदेश

राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में शुक्रवार को वार्ड नंबर 6 मस्जिद में रोजे का 26 वां नमाज पढ़ी गई। इस दौरान राज्य मंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल अल्पसंख्यक समुदाय के रोजा अफ्तार पार्टी में शामिल हुए। रोजा इफ्तार पार्टी में उपस्थित जनों में सांसद प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमचंद यादव, धनंजय सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद, धर्मेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष मिश्रा मोर्चा, कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष, सचिन द्विवेदी महामंत्री युवा मोर्चा, गिरिजा विश्वकर्मा पार्षद, रोहित यादव, अंबिकेश सोनी, सुनील गुप्ता, सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर सहित सभी लोगों का मुस्लिम समुदाय द्वारा स्वागत किया गया। इस इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब की झलक यहां देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजर्ग, नौजवान व बच्चों के साथ हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की, सभी लोगों ने आपसी भाई-चारे की दुआ मांगी। राजनगर को मिनी इंडिया के नाम से जाना जाता है जहां सभी मजहब के लोग निवासरत हैं। हिन्दू - मुस्लिम भाई एक साथ रोजा इफ्तार में शामिल हुए। राजनगर में गंगा-यमुनी तहजीब के साथ सभी धर्म के लोग प्यार से रहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील कि देश में शांति हो और हिन्दू-मुस्लिम को भड़काने जैसे प्रवृति लोग अपने आप को बदले। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले लोगों को यह सोचना चाहिए यह देश हिंदू-मुस्लिम सद्भाव का है। आपसी भाईचारा बना रहे। अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से पूर्व अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष इफ्तिखार (सोनू) नसीमउल हक कादरी हाफी जी , नूर अली,शमशेर पठान, फिरोज खान, इमरान खान, बंटी, जावेद, नवीन खान,अफजल खान, इमरान अंसारी, समसुद्दीन, सुभान अली, परवेज आलम मुजफ्फर अली, रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।